Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः–BMSIC/80080/18-2021/9521 दिनांकः– 15.02.24

प्रेषक,

उपमहाप्रबंधक (मु0)
BMSICL, पटना।

सेवा में,

Trilok & Associates,
H.No-A-209, Saurabh Vihar,
Jaitpur, Badarpur, South Delhi, Delhi

**विषयः– सीतामढ़ी विधान सभा क्षेत्र 28, 29 एवं 30 (i) सीतामढ़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाँच हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर एवं एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (ii) चिरैया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाँच हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर एवं एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (iii) बेलसंड विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाँच हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर एवं एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य में विलंब के कारण डिबार करने के संबंध में।**

**प्रसंगः– उपमहाप्रबंधक (परि0) का पत्रांक 74 दिनांक 20.03.2023, पत्रांक 156 दिनांक 10.07.2023, पत्रांक 268 दिनांक 12.12.2023, प्रबंधक (परि0) का पत्रांक 10 दिनांक 14.09.2023 एवं पत्रांक 11 दिनांक 26.09.2023**

महाशय,

उपरोक्त विषय एवं प्रासंगाधीन पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि **सीतामढ़ी विधान सभा क्षेत्र 28, 29 एवं 30 (i) सीतामढ़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाँच हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर एवं एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (ii) चिरैया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाँच हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर एवं एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (iii) बेलसंड विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाँच हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर एवं एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य** हेतु आपको इस निगम के पत्रांक BMSIC/80080/18-2021/8071 दिनांक–24.01.2022 के द्वारा कार्यादेश निर्गत किया गया था। कार्यादेश के अनुसार कार्य अवधि 15 माह अर्थात् दिनांक 23.04.2023 तक पूर्ण करना था, परंतु 24 माह से अधिक व्यतीत हो जाने के बावजूद भी आपके द्वारा अभी तक कोई भी योजना पूर्ण कर हस्तगत नहीं कराया गया है जो घोर लापरवाही एवं अनियमितता का द्योतक है। उपमहाप्रबंधक (परि0), सीतामढ़ी द्वारा पत्रांक 05 दिनांक 10.01.2024 द्वारा बताया गया है कि संवेदक को कई बार प्रसांगिक पत्रों के माध्यम से लिखित एवं मौखिक निदेश दिए जाने के बावजूद लगातार निर्माण कार्य में शिथिलता एवं उदासीनता बरती जा रही है। कार्य की प्रगति काफी धीमी है। उक्त के आलोक में संवेदक को Debar करने की अनुशंसा की गई है। विदित हो, कि यह सरकार की एक महत्वाकांक्षी एवं जनोपयोगी योजना है।

O/C

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 की सुसंगत कंडिका में वर्णित प्रावधानों के तहत् कार्य में अनियमतिता बरतने के कारण आपको (Trilok & Associates, H.No-A-209, Saurabh Vihar, Jaitpur, Badarpur, South Delhi, Delhi) इस कार्य को पूर्ण करने तक किसी भी अगली निविदा में भाग लेने से वंचित **(Debar)** किया जाता है।

उक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

15/2/24

उपमहाप्रबंधक (मु0)

**Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited**
**2nd & 3rd Floor, Swasthya Bhawan, Behind IGIMS, Sheikhpura,**
**Adjacent to State Health Society, Patna 800014, Bihar.**
**Phone/Fax: +91-6122283287, +91-6122283289**
**www.bmsicl.gov.in**

ज्ञापांकः– BMSIC/80080/18-2021/9521 दिनांकः– 15.02.24

प्रतिलिपिः–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/2/24

उपमहाप्रबंधक (मु0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80080/18-2021/9521 दिनांकः– 15.02.24

प्रतिलिपिः–जिलाधिकारी, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

15/2/24

उपमहाप्रबंधक (मु0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80080/18-2021/9521 दिनांकः– 15.02.24

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुल निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, भवन निर्माण विभाग निगम लि0, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

15/2/24

उपमहाप्रबंधक(मु0)

ज्ञापांकः– BMSICL/80080/18-2021/9521 दिनांकः– 15.02.24

प्रतिलिपिः– सभी महाप्रबंधक BMSICL एवं सभी उपमहाप्रबंधक, BMSICL, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/2/24

उपमहाप्रबंधक (मु0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80080/18-2021/9521 दिनांकः– 15.02.24

प्रतिलिपिः–प्रबंध निदेशक महोदय, BMSICL पटना को सूचनार्थ समर्पित।

15/2/24

उपमहाप्रबंधक (मु0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80080/18-2021/9521 दिनांकः–15.02.24

प्रतिलिपिः–श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम) BMSICL को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में BMSICL के पत्र को बेवसाईट पर प्रकाशित किया जाए।

15/2/24

उपमहाप्रबंधक (मु0)